थाना अलापुर पुलिस द्वारा दिनाँक 09-12-2022 को कस्बा ककराला में जाम लगाकर उपद्रव कर पुलिस पर पथराव करने वालों के विरुद्ध 02 और अभि0गण को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) में निरुद्ध करने के सम्बन्ध में

डा0 ओपी सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में, अमित किशोर श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं कर्मवीर सिंह क्षेत्राधिकारी दातागंज के नेतृत्व मे तथा प्रभारी निरीक्षक अलापुर हरपाल सिंह बालियान के द्वारा अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 09.12.2022 को अलापुर क्षेत्र के कस्बा ककराला मे वाहन चैकिंग के दौरान मो0सा0 रोकने पर रिहान , रहीश , वसीम , युसुफ , युनुस आदि 250-300 व्यक्ति द्वारा कस्बा ककराला मे उसहैत रोड पर जाम लगाकर उपद्रव कर पुलिस पर पथराव करने वालो के विरुद्ध अलापुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. अनस पुत्र शहनवाज नि0 वार्ड नं0 18 कस्बा ककराला थाना अलापुर जनपद बदायूँ 2. सबलू पुत्र बबलू नि0 वार्ड नं0 24 कस्बा ककराला थाना अलापुर जनपद बदायूँ को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) 1980 की धारा 3(2) के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय द्वारा निरुद्ध किया गया निरूद्धि आदेश आज दिनांक 16.03.2023 को जिला कारागार में दोनो अभियुक्तो पर तामील कराया गया है इससे पूर्व 08 अभियुक्तो को NSA में निरूद्ध किया जा चुका है अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है फोटो व वीडियो के आधार पर पहचान कर अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध भी राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) की कार्यवाही की जाएगी ।

सोशल मीडिया सैल

जनपद बदायूँ